**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो**
**उड़ान भवन**
**नई दिल्ली-110003**

**फा.सं.: ए-35018/16/2023-एएआईबी** **दिनांक: 07.02.2026**

**रिक्ति परिपत्र**

**विषयः वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों पर भर्ती के संबंध में।**

वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो में निम्नलिखित पदों को भरने का इच्छुक है:-

| **क्रम सं.** | **पद का नाम** | **वर्गीकरण** | **पे मैट्रिक्स में पे लेवल** | **भरे जाने वाले पदों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|
| i. | निदेशक | सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित, गैर-मंत्रालयी | लेवल 13 | 02 |
| ii. | उप निदेशक | | लेवल 12 (78800-209200/- रु. | 06 |
| iii. | सहायक निदेशक | | लेवल 11 (67700-208700/-रु.) | 07 |
| iv. | सुरक्षा अन्वेषण अधिकारी | | लेवल 10 (56100-177500/-रु.) | 08 |

2. उक्त पदों के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जो निम्नलिखित पात्रता मानदंड और अन्य शर्तों को पूरा करते हों: -

**i. निदेशक**

क. **प्रतिनियुक्ति का क्षेत्र एवं पात्रता शर्तें-**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों या रक्षा विमानन या सेना विमानन या नौसेना विमानन या अर्धसैनिक बलों या सांविधिक संगठनों या विश्वविद्यालय या सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वशासी निकायों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्था के अधिकारी;

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारक: अथवा

(ii) रक्षा कर्मी जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में लेवल 12ए (1,16,700/-2,10,700/- रु.) में नियमित आधार पर उक्त पद पर नियुक्ति के बाद चार वर्ष की सेवा की हो; अथवा

(iii) मूल संवर्ग या विभाग में पे मैट्रिक्स में लेवल 12 (78,800/-2,09,200/- रु.) में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के बाद पांच वर्ष की सेवा की हो; और

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव प्राप्त हों;

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वैमानिकी या इलेक्ट्रॉनिकी और संचार या मैकेनिकल या इलैक्ट्रिकल इंजीनियरींग, या प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री या भौतिक विज्ञान में मास्टर डिग्री, और

(ii) सिविल या रक्षा पंजीकृत एयरक्राफ्ट की घटनाओं या गंभीर घटनाओं या दुर्घटनाओं के अन्वेषण में कम से कम तीन वर्षों के अनुभव सहित उड़ानयोग्यता या विमानन सुरक्षा या एयर ट्रैफिक कंट्रोल के क्षेत्र में कम से कम बारह वर्षों का अनुभव प्राप्त हों।

ख. <u>आयु</u>:- अधिकारी आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष की आयु से अधिक न हो।

ग. उसी या अन्य संगठन / केंद्र सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पहले अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया पाँच वर्ष से अधिक न हो।

**ii. <u>उप निदेशक</u>**

क. **प्रतिनियुक्ति का क्षेत्र एवं पात्रता शर्तें:-**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्रों या रक्षा विमानन या सेना विमानन या नौसेना विमानन या अर्धसैनिक बलों या सांविधिक संगठनों या विश्वविद्यालय या सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वशासी निकायों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था के अधिकारी;

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारितः अथवा

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (67,700/- - 2,09200/- रु.) या समकक्ष में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के पश्चात पांच वर्ष की सेवा की हो; और

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखता हों;

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वैमानिकी या इलेक्ट्रॉनिकी और संचार या मैकेनिकल या इलैक्ट्रिकल में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री या भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री, और

(ii) सिविल या रक्षा पंजीकृत एयरक्राफ्ट की घटनाओं या गंभीर घटनाओं या दुर्घटनाओं के अन्वेषण में कम से कम दो वर्षों के अनुभव सहित उड़ानयोग्यता या विमानन सुरक्षा या एयर ट्रैफिक कंट्रोल के क्षेत्र में कम से कम दस वर्षों का अनुभव प्राप्त हो।

ख. **आयुः**- अधिकारी आवेदन प्राप्ति की समापन तारीख को 56 वर्ष की आयु पार न की हो ।

ग. उसी या अन्य संगठन / केंद्र सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पहले अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया 4 वर्ष से अधिक न हो।

iii. **सहायक निदेशक**

**क. प्रतिनियुक्ति का क्षेत्र एवं पात्रता की शर्तें:-**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्रों या रक्षा विमानन या सेना विमानन या नौसेना विमानन या अर्धसैनिक बलों या सांविधिक संगठनों या विश्वविद्यालय या सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था के अधिकारी;

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारक; अथवा

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में पे मैट्रिक्स में लेवल 10 (56,100/- - 1,77,500/- रु.) में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के बाद की गई पांच वर्ष की सेवा की हो; और

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव प्राप्त हो

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वैमानिकी या इलेक्ट्रॉनिकी और संचार या मैकेनिकल या वैद्युत इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री या भौतिक विज्ञान में मास्टर डिग्री; और

(ii) सिविल या रक्षा पंजीकृत एयरक्राफ्ट की घटनाओं या गंभीर घटनाओं या दुर्घटनाओं के अन्वेषण में कम से कम एक वर्ष के अनुभव सहित उड़ानयोग्यता या विमानन सुरक्षा या एयर ट्रैफिक कंट्रोल के क्षेत्र में कम से कम पांच वर्षों का अनुभव प्राप्त हो।

ख. **आयुः**- अधिकारी आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष की आयु पार य की न हो।

ग. उसी या अन्य संगठन / केंद्र सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पहले अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया 4 वर्ष से अधिक न हो।

iv. सुरक्षा अन्वेषण अधिकारी

**क. प्रतिनियुक्ति का क्षेत्र एवं पात्रता की शर्तें**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों या रक्षा विमानन या सेना विमानन या नौसेना विमानन या अर्धसैनिक बलों या सांविधिक संगठनों या विश्वविद्यालय या सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था के अधिकारी;

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारक: अथवा

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में पे मैट्रिक्स में लेवल 9 (53,100--1,67,800/- रु.) या लेवल 8 (47,600-1,51,100/- रु.) में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के बाद की गई दो वर्षों की सेवा की हो; और

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव प्राप्त हो,

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वैमानिकी या इलेक्ट्रॉनिकी और संचार या मैकेनिकल या वैद्युत इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री या भौतिक विज्ञान में स्नातकोतर डिग्री, और

(ii) सिविल या रक्षा पंजीकृत एयरक्राफ्ट की घटनाओं या गंभीर घटनाओं या दुर्घटनाओं के अन्वेषण में कम से कम छः माह के अनुभव सहित उड़ानयोग्यता या विमानन सुरक्षा या एयर ट्रैफिक कंट्रोल के क्षेत्र में कम से कम दो वर्षों का अनुभव प्राप्त हो।

ख. **आयुः-** अधिकारी आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष की आयु पार न की हो।

ग. उसी या अन्य संगठन / केंद्र सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पहले अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया 3 वर्ष से अधिक न हो।

3. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनार्थ किसी अधिकारी द्वारा 01.01.2016 वह तारीख जिससे 7 वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिश के आधार पर संशोधित वेतन ढांचे को विस्तारित किया गया हो, से पहले प्रदान की गई नियमित सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर सदृश ग्रेड पे/विस्तारित वेतनमान में प्रदान की गई सेवा माना जाएगा, उन बातों को छोड़कर जहाँ एक से अधिक संशोधन पूर्व वेतनमान को एक सामान्य ग्रेड

पे/वेतनमान में विलयन किया गया हो और वहां इस लाभ को केवल उस पद (पदों) जिसके के लिए उस ग्रेड पे/वेतनमान को बिना किसी अपग्रेडेशन के सामान्य ग्रेड है, हेतु ही विस्तारित किया जाएगा।

4. प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) के आधार पर नियुक्ति के लिए चयनित अधिकारियों के सेवा के निबंधन और शर्तें और वेतन एवं भते समय-समय पर यथा संशोधित भारत सरकार, पेंशन एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन सं. 6/8/2009-स्था. (पे-II) में निहित संगत प्रावधानों के अनुसार शासित होंगी।

5. पात्र अधिकारी, जिन्हें उनके चयन की स्थिति में कार्यमुक्त किया जा सके, के संबंध में आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों सहित निर्धारित प्ररूप (अनुलग्नक) में निदेशक, एएआईबी, कमरा नं. टी बी- 10, तीसरा तल, बी- ब्लॉक, उड़ान भवन, नई दिल्ली-110003 को भेजा जाए ताकि यह आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख अर्थात 23.03.2026 को 5.30 अपराह्न तक या उससे पहले पहुँच सके:-

i. निर्धारित प्रोफोर्मा में आवेदन (अनुलग्नक)

ii. गत पांच वर्षों की अद्यतन और पूर्ण वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर/वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) डोजीयर की प्रतियां जो कम से कम अवर सचिव तक के अधिकारी द्वारा प्रमाणित न हो।

iii. सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र

iv. सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि आवेदक के विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही/आपराधिक कार्यवाही लंबित या विचारार्थ नहीं है।

v. गत 10 वर्षों के दौरान आवेदक पर लगाई गई छोटी / बड़ी शास्ति, की सूची, यदि कोई हो।

**6. पात्रता के निर्धारण के लिए आईडीए और सीडीए की समकक्षता को अनुलग्नक-।। में देखा जा सकता है।**

7. उपर्युक्त दस्तावेजों सहित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित पूर्ण आवेदन, **Employment News/रोजगार समाचार** में विज्ञापन की तारीख से **45 दिनों** के भीतर उचित माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी को अग्रेषित किया जाना चाहिए। उचित माध्यम से प्राप्त न होने वाले सीधे, प्राप्त या अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों को संक्षेपत: निरस्त कर दिया जाएगा।

8. उक्त पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीद्वारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी को वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार चयन के बाद कार्यभार ग्रहण नहीं करता है तो उन्हें वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) में भावी भर्तियों के लिए आवेदन करने से तीन वर्षों हेतु विवर्जित कर दिया जाएगा।

भवदीय,

(के रमेश बाबू)
**निदेशक**
**वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो**

संलग्न: उपर्युक्त अनुसार।

**अनुलग्नक - I**

**बायोडाटा / जीवनवृत्त प्रोफॉर्मा**

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन करने वाले पद का नाम | | |
| 1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) और फोटो (क्रॉस हस्ताक्षर के साथ) | | |
| 2. पता (स्पष्ट अक्षरों में) | | |
| 3. जन्म तिथि (दिन/माह/वर्ष) | | |
| 4. संवर्ग/सेवा का नाम | | |
| 5. (1) सेवा में प्रवेश की तारीख | | |
| (ii) केंद्र/ राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख | | |
| 6. शैक्षणिक अर्हता | | |
| 7. क्या उक्त पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूरी हैं। **(यदि किसी अर्हताएं को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकार बताए।)** | | |

| विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित अर्हताएं/अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हता/अनुभव |
|---|---|
| **अनिवार्य** | **अनिवार्य** |
| **क. अर्हता:-**<br><br>**ख. अनुभव** | **क. अर्हता:-**<br><br>**ख. अनुभव** |

क. **नोट:** डिग्री और स्नातकोत्तर अर्हताओं के वैकल्पिक / मुख्य विषय और सहायक विषयों को उम्मीदवार द्वारा दर्शाया जाए|

| | |
|---|---|
| 8. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के दृष्टिगत, आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य अर्हता और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं| | |

8.1 **नोट: आदाता विभागों को आवेदत पद के संदर्भ में उम्मीदवार के पास संगत अनिवार्य** अर्हता**/कार्य अनुभव (जैसा कि बायोडाटा में दर्शाया गया है) की पुष्टि करते हुए अपनी विशिष्ट टिप्पणियां/विचार प्रस्तुत करने हैं।**

9. कालानुक्रम में रोजगार का विवरण। **यदि नीचे की जगह अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें|**

| कार्यालय/संस्था | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | नियमित आधार पर धारित पद का पे बैंड और पे लेवल/पे इंडेक्स | आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव को दर्शाते हुए ड्यूटी की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

<table>
<tr><td colspan="4">*महत्वपूर्ण: एसीपी/एमएसीपी के तहत प्रदान किए गए पे बैंड, पे इंडेक्स और पे लेवल अधिकारी के लिए व्यैक्तिक होते हैं और इसलिए, इनका उल्लेख नही करना है। केवल नियमित आधार पर धारित पद के पे बैंड और पे इंडेक्स / पे लेवल का उल्लेख किया जाए। वर्तमान वेतन बैंड और वेतन लेवल के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण जहां उम्मीदवार द्वारा ऐसे लाभ लिए गए हैं, को नीचे दर्शाया जाए:</td></tr>
<tr><td>कार्यालय/संस्था</td><td>एसीपी/एमएसीपी स्कीम के तहत आहरित पे लेवल, पे बैंड और पे इंडेक्स</td><td>से</td><td>तक</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>10. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्धस्थायी या स्थायी</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>11. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर है, तो कृपया उल्लेख करें|</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>क. प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख</td><td>ख. प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि</td><td>ग. मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है</td><td>घ. मूल संगठन में मूल क्षमता में धारित पद का नाम और उसका वेतन</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="4"></td></tr>
</table>

**11.1 नोट: -** अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर हैं तो, ऐसे अधिकारियों के आवेदन को मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर निकासी प्रमाणपत्र, सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित किया जाना चाहिए।

**11.2 नोट: -** उपर्युक्त कॉलम 11 (ग) और (घ) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति संवर्ग /संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किए हो लेकिन अभी भी अपने मूल कैडर /संगठन में लियन बनाए हुए है।

| | |
|---|---|
| 12. यदि आवेदक पूर्व में किसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर था, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तारीख और अन्य विवरण। | |
| 13. **वर्तमान रोजगार के संबंध में अतिरिक्त जानकारी:-**<br><br>कृपया बताएं कि किसके अधीन कार्य कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम बताएं):-<br><br>क.केंद्र सरकार<br>ख. राज्य सरकार<br>ग. संघ राज्य क्षेत्र<br>घ.रक्षा विमानन<br>ङ. सेना विमानन<br>च. नौसेना विमानन<br>छ.अर्ध सैनिक बल<br>ज.सांविधिक संगठन<br>झ.विश्वविद्यालय<br>ञ. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम<br>ट. स्वायत्त निकाय<br>ठ. मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्था | |

| | |
|---|---|
| 14. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तिथि जिससे संशोधन लागू हुआ था और संशोधन पूर्व वेतनमान भी बताएं। | |

| | | |
|---|---|---|
| 15. वर्तमान में प्रति माह कुल परिलब्धियां: | | |
| पे मैट्रिक्स में पे लेवल | मूल वेतन | कुल परिलब्धियां |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 16. यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से सम्बन्धित है जो केंद्र सरकार के वेतनमान का अनुपालन नहीं कर रहा है तो ऐसी स्थिति में संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जाए जिसमें निम्नलिखित विवरण दर्शाए गए हो, | | |
| वेतनमान और वेतन वृद्धि की दर के साथ मूल वेतन। | महंगाई भत्ता /अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (अलग अलग विवरण के साथ)। | कुल परिलब्धियां |
| | | |

| | |
|---|---|
| 17. क. पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में आपके द्वारा आवेदित पद से संगत **अतिरिक्त जानकारी**, यदि कोई हो।<br><br>(आप अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र विज्ञापन में निर्धारित से अधिक कार्य अनुभव के संबंध में जानकारी प्रदान कर सकते है)<br><br>**(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग शीट संलग्न करें)** | |

| | |
|---|---|
| **ख. उपलब्धियां:**<br><br>उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दर्शाए:-<br><br>I. अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएं।<br><br>ii. पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा<br><br>iii. व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/समितियों के साथ संबद्धता और;<br><br>iv. अपने नाम से पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट<br>v. आधिकारिक मान्यता से जुड़ा कोई शोध/अभिनव उपाय<br>vi. कोई अन्य जानकारी<br><br>**(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग शीट संलग्न करें)** | |
| 18. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति या अल्पकालिक संविदा में से किसके लिए आवेदन कर रहे हैं।<br><br># (केंद्र/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकारी केवल प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र हैं)। गैर-सरकारी संगठनों, अर्थात, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान के उम्मीदवार केवल 'अल्पकालिक अनुबंध' के लिए पात्र हैं | |

| | |
|---|---|
| 19 क्या अ.जा. / अ.ज.जा. | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ा है और मुझे अच्छी तरह से पता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित बायोडाटा में दी गई जानकारी का भी चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा | मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी तथ्य को दबाया/रोका नहीं गया है।

दिनांक____________________

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

पता________________________________

____________________________________

## <u>नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन</u>

आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन में प्रदान की गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव रखते हैं। यदि उनका चयन किया जाता है, तो उन्हें तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि

i. श्री/श्रीमती____________________ के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii. उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii. उनके सीआर डोजियर मूल रूप से संलग्न हैं/ उनके पिछले 5 वर्षों के लिए एसीआर की फोटोकॉपी संलग्न है जो अवर सचिव, भारत सरकार के रैंक के या उससे ऊपर के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित है, |

iv. पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई छोटी / बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है या पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई छोटी / बड़ी शास्ति की सूची संलग्न है। (जैसा भी मामला हो) |

प्रतिहस्ताक्षरित

______________________________

नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी मुहर सहित

**अनुलग्नक-II**

| आईडीए पे लेवल | आईडीए पे स्केल | सीडीए पे लेवल | सीडीए स्केल |
|---|---|---|---|
| ई5 | 80000-220000 | 32900-58000 | ग्रेड पे-6600 (लेवल 11) |
| ई4 | 70000-200000 | 29100-54500 | पे बैंड-3, ग्रेड पे-5400( लेवल 10) |
| ई3 | 60000-180000 | 24900-50500 | ग्रेड पे 4800 (लेवल 8) |
| ई2 | 50000-160000 | 20600-46500 | ग्रेड पे 4600 (लेवल 7) |